Postal Reg. No. : XXXXXXXXX

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 14

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

6 अप्रैल 2017 ई

8 रजब 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

बड़े होकर छोटों पर दया करो न कि उनका अपमान, ज्ञानी होकर अज्ञानियों को भलाई का पाठ पढ़ाओ न कि स्वयं को श्रेष्ठ समझकर उनका अनादर, धनवान होकर निर्धनों की सेवा करो न कि स्वयं श्रेष्ठ बनकर उन पर अभिमान। विनाश के मार्गों से भयभीत रहो, ख़ुदा से डरते रहो, तक्वा एवं सदाचार का अनुसरण करो,

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हज़रत मसीह मौऊद फरमाते हैं

बड़े होकर छोटों पर दया करो न कि उनका अपमान, ज्ञानी होकर अज्ञानियों को भलाई का पाठ पढ़ाओ न कि स्वयं को श्रेष्ठ समझकर उनका अनादर, धनवान होकर निर्धनों की सेवा करो न कि स्वयं श्रेष्ठ बनकर उन पर अभिमान। विनाश के मार्गों से भयभीत रहो, ख़ुदा से डरते रहो, तक्वा एवं सदाचार का अनुसरण करो, मानव की उपासना न करो, केवल अपने ख़ुदा के लिए त्याग करो, संसार से हृदय मत लगाओ, ख़ुदा के हो जाओ, उसी के लिए जीवन व्यतीत करो, उसके लिए प्रत्येक अपवित्रता और पाप से घृणा करो क्योंकि वह पवित्र है। हर सुबह तुम्हारे लिए साक्ष्य दे कि तुम ने ख़ुदा में लीन रहते हुए रात्रि व्यतीत की। हर शाम तुम्हारे लिए साक्ष्य दे कि तुमने डरते-डरते दिन व्यतीत किया। संसार के अभिशापों और फटकारों से मत डरो कि वे धुएँ की भांति देखते-देखते लुप्त हो जाती हैं। वे दिन को रात में परिवर्तित नहीं कर सकतीं। तुम ख़ुदा के अभिशाप से डरो जो आकाश से आता है और जिस पर गिरता है उसकी लोक व परलोक दोनों स्थानों पर जड़ काट देता है। तुम आडम्बर से स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकते क्योंकि तुम्हारे ख़ुदा की दृष्टि तुम्हारे पाताल तक है। क्या तुम उसको धोका दे सकते हो। अत: तुम सीधे और स्वच्छ हो जाओ, पवित्र और निष्कपट हो जाओ। यदि तुम्हारे अन्दर थोड़ा सा भी अंधकार विद्यमान है तो वह तुम्हारे सम्पूर्ण प्रकाश को नष्ट कर देगा। यदि तुम्हारे अन्दर किसी भी स्तर पर अभिमान, आडम्बर, आलस्य या स्वयं को ही श्रेष्ठ समझने की भावना व्याप्त है तो तुम ख़ुदा के समक्ष स्वीकार योग्य नहीं। ऐसा न हो कि तुम कुछ बातों को लेकर स्वयं को धोखा देते रहो कि जो कुछ तुमने करना था कर चुके, जबकि ख़ुदा की इच्छा है कि तुम्हारे जीवन का पूर्ण काया-कल्प हो । वह तुमसे एक मौत मांगता है जिसके पश्चात वह तुम्हें जीवन प्रदान करेगा। तुम परस्पर शीघ्र सुलह करो, अपने भाईयों के दोषों को क्षमा करो क्योंकि उद्दण्ड है वह मनुष्य जो अपने भाई से समझौता करने के लिए तैयार नहीं। वह काटा जाएगा क्योंकि वह एकता को खण्डित करता है। तुम हर पहलू से अहं को त्याग दो, आपसी द्वेष मिटा दो, सच्चे होकर झूठे की भांति दीनता का अनुसरण करो ताकि तुम्हें क्षमा किया जा सके। अहंकार में मत बढ़ो कि जिस द्वार पर तुम्हें बुलाया गया है उसमें एक अहंकारी मनुष्य प्रवेश नहीं कर सकता दुर्भाग्यशाली है वह मनुष्य जो इन बातों को नहीं समझता जो ख़ुदा के मुख से निकली और मैंने उनका वर्णन किया। यदि तुम चाहते हो कि आकाश पर ख़ुदा तुम से प्रसन्न हो तो तुम परस्पर इस प्रकार एक हो जाओ जैसे एक पेट में दो भाई। तुम में श्रेष्ठतम वही है जो अपने भाई के दोषों और भूलों को अधिक से अधिक क्षमा करता है, और दुर्भाग्यशाली है वह जो हठधर्मी से काम लेते हुए उसे क्षमा नहीं करता । ऐसे व्यक्ति का मुझ से कोई नाता नहीं । ख़ुदा की फटकार से डरो कि वह पवित्र और स्वाभिमानी है । कुकर्मी ख़ुदा के निकट नहीं हो सकता, अभिमानी उसके निकट नहीं हो सकता, अत्याचारी उसके निकट नहीं हो सकता,अमानत को हड़प जाने वाला उसके निकट नहीं हो सकता और प्रत्येक जो उसके नाम के लिए मर मिटने वाला नहीं उसके निकट नहीं हो सकता, वे जो भौतिक साधनों पर कुत्तों, चीलों और गिद्दों की भांति टूट पड़ते हैं वे सांसारिक भोग-विलास में लीन हैं वे ख़ुदा के निकट नहीं हो सकते।

(कश्ती नूह, रूहानी खज़ायन,भाग 19, पृष्ठ 12)

☆ ☆ ☆

123 वां
जलसा सालाना क़ादियान
दिनांक 29, 30, 31 दिसम्बर 2017 ई. को आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 123 वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए दिनांक 29, 30 और 31 दिसम्बर 2017 ई.(जुम्अ:, हफता व इतवार) की स्वीकृति दी है। जमाअत के लोग अभी से इस शुभ जलसा सालाना में उपस्थित होने की नीय्यत करके दुआओं के साथ तैयारी आरम्भ कर दें। अल्लाह तआला हम सब को इस ख़ुदाई जलसे से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करे। इस जलसा सालाना की सफलता व बा-बरकत होने के लिए इसी तरह यह जलसा लोगों के लिए मार्ग दर्शन हो इसके लिए विशेष दुआएँ जारी रखें। धन्यवाद

(नाज़िर इस्लाह व इरशाद मरकज़िया, क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद साहिब कादियानी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का संक्षिप्त इतिहास तथा धार्मिक सेवाऐं (भाग-2)

अनुवादक : शेख़ मुजाहिद अहमद शास्त्री, कादियान

मुक़द्दमा डाकख़ाना

1878 ई. में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम पर एक ईसाई रलिया राम वकील ने एक मुक़द्दमा कर दिया जो सिलसिला अहमदिया के इतिहास में मुक़द्दमा डाकख़ाना के नाम से प्रसिद्ध है।

हुआ यह कि हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने हिन्दुओं के फ़िर्क़े आर्यसमाज के मुकाबले में इस्लाम की ताईद में एक लेख लिखा और वह अमृतसर के एक प्रेस में छपवाने के लिए पैकेट बना कर भेज दिया। इस पैकेट में हुज़ूर ने एक पत्र भी रख दिया। उन दिनों डाकख़ाने के नियमों के अनुसार किसी पैकेट में पत्र रख देना जुर्म था। जिसका दण्ड़ पाँच सौ रु जुर्माना या छ: मास क़ैद थी । पर हुज़ूर अलैहिस्सलाम को इसका पता न था। यह पैकेट हुज़ूर(अ) ने अमृतसर के जिस प्रेस में भेजा उसका मालिक रलिया राम एक ईसाई था। जब उसने यह पैकेट वसूल किया तो उसने इस्लाम की दुश्मनी के कारण ड़ाकख़ाने वालों को इस की सूचना दे दी। परिणाम स्वरूप हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम पर मुक़द्दमा कर दिया गया। इन्हीं दिनों हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने ख़्वाब में देखा कि रलिया राम वकील ने एक सांप हुज़ूर(अ) को काटने के लिए भेजा है। परन्तु हुज़ूर(अ) ने मछली के समान तल कर उसे लौटा दिया है।

जब मुक़द्दमा अदालत में प्रस्तुत हुआ तो वकीलों ने हुज़ूर अलैहिस्सलाम को सुझाव दिया इस मुक़द्दमे में सज़ा से बचने की यही एक सूरत है कि हुज़ूर अदालत में यह बयान दे दें कि यह पत्र मैं ने इस पैकेट में नहीं रखा था। रलिया राम ने दुश्मनी के कारण स्वयं मेरा यह पत्र पैकेट में रख दिया है। जब यह सुझाव हुज़ूर अलैहिस्सलाम के सामने प्रस्तुत हुआ तो हुज़ूर ने फ़र्माया जब पत्र स्वयं मैं ने पैकेट में रखा था तो फिर मैं केवल दण्ड़ से बचने के लिए कदापि इससे इंकार नहीं करूँगा। वकीलों ने कहा फिर तो आपके बचने का कोई उपाय दिखाई नहीं पड़ता। हुज़ूर(अ) ने फ़र्माया जो होगा, देखा जाएगा। कुछ भी हो मैं झूठ हरगिज़ नहीं बोलूँगा। अत: जब अदालत ने पूछा कि क्या पत्र आपने स्वयं पैकेट में रखा था तो हुज़ूर अलैहिस्सलाम ने फ़र्माया हाँ ! मैं ने ही रखा था क्योंकि मुझे यह पता नहीं था कि ऐसा करना डाकख़ाने के नियमों के विरुद्ध है। विरोधी बड़े प्रसन्न थे कि अब तो हुज़ूर ने अपने अपराध को स्वयं मान लिया है। अब अवश्य ही आपको सज़ा मिल जाएगी। पर ख़ुदा तआला के काम देखो कि जिस जज के सामने यह मुक़द्दमा था, वह हुज़ूर की सच्चाई तथा नेकी से बहुत प्रभावित हुआ और उसने हुज़ूर अलैहिस्सलाम को इ़ज़्ज़त के साथ बरी कर दिया। इस प्रकार सच बोलने की बरकत से ही अल्लाह तआला ने इस मुक़द्दमे में आपको विजय प्रदान की।

बड़े भाई का देहान्त

1881 ई. में आपके बड़े भाई मिर्ज़ा ग़ुलाम क़ादिर साहिब का देहान्त हो गया। क्योंकि उनकी कोई संतान नहीं थी इसलिए उनकी जायदाद के भी आप ही वारिस थे। परन्तु उनकी विधवा का दिल रखने के लिए आपने जायदाद पर कब्ज़ा न किया। और यह जायदाद लम्बे समय तक आपके अन्य रिश्तेदारों के क़ब्ज़े में ही रही।

दूसरा विवाह

आपका दूसरा विवाह 1884 ई. में अल्लाह तआला के आदेश तथा उसके विशेष इल्हाम से दिल्ली के एक प्रसिद्ध सादात ख़ानदान की एक आदरणीय तथा पाकबाज़ (पवित्र) महिला हज़रत सय्यदा नुसरत जहाँ बेग़म साहिबा रज़ियल्लाहो अन्हा से हुआ। और इस प्रकार अल्लाह तआला का यह इल्हाम पूरा हुआ कि :-

''मैंने इरादा किया है कि तुम्हारी एक और शादी करूँ। यह सब सामान मैं स्वयं ही करूँगा।" (हयाते तय्यबा पृष्ठ 73)

आपके ससुर साहिब का नाम हज़रत मीर नासिर नवाब रज़ियल्लाह तआला अन्हो था जो कि हज़रत ख़्वाजा मीर दर्द रहमतुल्लाह अलैह की संतान में से थे। और स्वयं भी बहुत नेक तथा पवित्र इंसान थे।

17 नवम्बर 1884 ई. को दिल्ली में प्रसिद्ध ज्ञानी मौलवी सय्यद नज़ीर हुसैन साहिब मुहद्दिस देहलवी ने आपके निकाह का ऐलान किया और निकाह के साथ ही विदाई हो गई।

यह विवाह, अल्लाह तआला के वादे के अनुसार बहुत ही बरकतों वाला तथा कामयाब हुआ। क्योंकि इसके परिणाम में अल्लाह तआला ने आपको वह पवित्र संतान अता (प्रदान) फ़र्माई जिसके बारे में बहुत महान बशारतें (ख़ुशी की ख़बरें) मिली थीं। तथा यह बशारतें अपने समय पर पूरी हुईं जिनको आज हम अपनी आँखों से देख रहे हैं।

मुबश्शिर संतान

(वह संतान जिसके बारे में आपको पहले से अल्लाह तआला की ओर से शुभ सूचना मिल चुकी थी)

इस विवाह से अल्लाह तआला ने आपको दस बच्चे अता फ़र्माए। उनमें से पाँच बच्चे तो छोटी आयु में ही फ़ौत हो गए। बाक़ी पाँच बच्चे यह हैं :-

1. हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद ख़लीफ़तुल मसीहिस्सानी रज़ियल्लाहो तआला अन्हो। (जन्म 12 जनवरी 1889 ई. मृत्यु 8 नवम्बर 1965 ई.)।
2. हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहो तआला अन्हो। (जन्म 20 अप्रैल 1893 ई. मृत्यु 2 सितम्बर 1963 ई.)।
3. हज़रत मिर्ज़ा शरीफ़ अहमद साहिब रज़ियल्लाहो तआला अन्हो। (जन्म 24 मई 1895 ई. मृत्यु 26 दिसम्बर 1961 ई.)।
4. हज़रत नवाब मुबारका बेग़म साहिबा रज़ियल्लाहो तआला अन्हा। (जन्म 2 मार्च 1897 ई. मृत्यु 22/23 मई 1977 ई. की रात 12 बजकर पाँच मिन्ट पर)।
5. हज़रत नवाब अमतुल हफ़ीज़ बेग़म साहिबा । (जन्म 25 जून 1904 ई. मृत्यु 6 मई 1984 ई.)

मुजद्दिद तथा मामूर (अवतार) होने का दावा

1885 ई. के आरम्भ में आपने एक इश्तिहार बीस हज़ार की संख्या में प्रकाशित किया जिसमें इस्लाम के सारे विरोधियों को बुलाया कि यदि वह इस्लाम की सच्चाई के ताज़ा बताज़ा निशानात (चिन्ह) देखना चाहें तो मेरे पास आएँ और आसमानी निशान देखें। इस इश्तहार में आपने ऐलान किया कि अल्लाह तआलाा ने मुझे इस्लाम की और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सच्चाई को दिखाने के लिए इस ज़माने के लिए मुजद्दिद और मामूर बनाया है ।

बैअत का ऐलान और बैअत की शर्तें (नियम)

1 दिसम्बर 1888 ई. को आपने अल्लाह तआला की आज्ञा से यह ऐलान प्रकाशित किया कि जो लोग सच्चा ईमान और सच्ची पवित्रता प्राप्त करना चाहें वह मेरी बैअत (बिक जाना) करें ताकि अल्लाह तआला उन्हें बहुत सी बरकतें दे।

12 जनवरी 1889 ई. को आपने एक और इश्तिहार प्रकाशित किया जिसमें आपने दस शर्तें (नियम) बैअत ब्यान फ़र्माईं। इन शर्तों में बताया गया था कि जो लोग मेरी बैअत में शामिल होना चाहें उन्हें सच्चे दिल से यह प्रण करना होगा कि वह ख़ुदा और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेश के अनुसार शिर्क (अल्लाह के साथ साथी बनाना), झूठ, अत्याचार, लड़ाई झगड़ा, घमण्ड तथा अन्य सारे पापों से बचेंगे। बाक़ायदगी से नमाज़ें पढ़ेंगे। किसी पर अत्याचार नहीं करेंगे। ख़ुदा तआला के लिए हर मुसीबत सहन करेंगे। सब के साथ नम्रता तथा सहज भाव से सद्व्यवहार करेंगे धर्म सेवा को हर काम से अधिक प्यारा समझेंगे सारे लोगों से सहानुभूति तथा सहायता करेंगे तथा मरते दम तक इन शरारतों को पूरा करते रहेंगे।

जमाअत अहमदिया की नींव

मार्च 1889 ई. में आप लुधियाना तशरीफ़ ले गए। यहीं पर 22 मार्च 1889 ई. को लुधियाना के एक बुज़ुर्ग हज़रत सूफ़ी अहमद जान साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो के मकान पर आपने बैअत लेना प्रारम्भ किया और इस प्रकार जमाअत अहमदिया की नींव रखी। हज़रत मौलवी हकीम नुरुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो (पहले ख़लीफा) ने सब से पहले बैअत की। पहले दिन चालीस के लगभग असहाब (साथियों) ने बैअत की जिनमें से कुछ के नाम यह हैं।

1. हज़रत मौलवी अब्दुल्लाह साहिब सन्नौरी रज़ियल्लाहो अन्हो।
2. हज़रत चौधरी रुस्तम अली साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।
3. हज़रत मुन्शी ज़फ़र अहमद साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।
4. हज़रत मुन्शी अरोड़े ख़ान साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।
5. हज़रत मुन्शी हबीबुर्रहमान साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।
6. हज़रत क़ाज़ी ज़ियाउद्दीन साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।
7. हज़रत मीर इनायत अली साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो।(शेष.....)

(शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

☆ ☆ ☆

ख़ुत्बः जुमअः

लड़कों और लड़कियों के रिश्तों के मामलों और फिर रिश्तों के बाद पारिवारिक समस्याऐं ये ऐसे मामले हैं जो घरों में परेशानी और चिंता का कारण बनते रहते हैं। शादी के बाद पारिवारिक समस्याएं हैं वह केवल पति पत्नी के लिए समस्या नहीं होती बल्कि दोनों पक्ष के माता पिता के लिए भी परेशानी का कारण होते हैं और सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि अगर औलाद हो गई है तो बच्चों में भी चिंता पैदा कर रहे होते हैं और कभी कभी औलाद इसलिए धार्मिक और सांसारिक दोनों लिहाज़ से बिगड़ रही होती है और माता पिता और परिवार के लिए अधिक परेशानी पैदा करती है। मानो परेशानियों की एक श्रृंखला शुरू हो जाती है।

रिश्तों के मामलों और रिश्तों के बाद पैदा होने वाली विभिन्न घरेलु समस्याओं की पहचान और उन को दूर करने का इलाज के लिए धार्मिक और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों के हवाले से लोगों का मार्ग दर्शन।

अगर एक वाक्य में उनके विभिन्न पारिवारिक समस्याओं के कारण किए जाऐं तो यह है कि धर्म से दूरी है धार्मिक शिक्षाओं से अज्ञानता है और उदासीनता है और दुनियादारी और सांसारिक चीज़ों को लुभाना है। अतः अगर इन समस्याओं का समाधान खोजना है तो धार्मिक शिक्षा की रोशनी में करना होगा।

एक तरफ हम अपने आप को अहमदी कहते हैं इस बात का दावा करते हैं कि हम ने धर्म को दुनिया में प्राथमिकता कर रहे हैं तो फिर धार्मिक शिक्षाओं की रोशनी में इसका समाधान जो हमें कुरआन में हदीसों में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की शिक्षाओं में मिलता है।

आदरणीय मुहम्मद नवाज़ मोमिन साहिब पुत्र ख़ुदा बख्श मोमिन साहिब और आदरणीय सय्यद रफीक अहमद साहिब पुत्र आदरणीय डाक्टर सफीरुद्दीन साहिब की वफात और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब , आजरणीय डाक्टर मिर्ज़ा लईक अहमद साहिब पुत्र आदरणीय साहिबज़ादा मिर्ज़ा हफीज़ अहमद साहिब और आदरणीय अमीनुल्लाह ख़ान सालिक साहिब पुत्र आदरणीय अब्दुल मजीद आफ वीरूवाल की वफात और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब , मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 3 मार्च 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ ۔

लड़कों और लड़कियों के रिश्तों के मामले और फिर रिश्तों के बाद पारिवारिक समस्याऐं ये ऐसे मामले हैं जो घरों में परेशानी और चिंता का कारण बनते रहते हैं। शादी के बाद पारिवारिक समस्याएं हैं वह केवल पति पत्नी के लिए समस्या नहीं होती बल्कि दोनों पक्ष के माता पिता के लिए भी परेशानी का कारण होते हैं और सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि अगर औलाद हो गई है तो बच्चों में भी चिंता पैदा कर रहे होते हैं और कभी कभी औलाद इसलिए धार्मिक और सांसारिक दोनों लिहाज़ से बिगड़ रही होती है और माता पिता और परिवार के लिए अधिक परेशानी पैदा करती है। मानो परेशानियों की एक श्रृंखला शुरू हो जाती है। लगभग दैनिक मेरी मेल में ऐसे मामले आते हैं या मौखिक मुलाकात में लोग अपनी समस्याओं का ज़िक्र करते हैं।

एक ओर लड़कियों के रिश्तों का मुद्दा है पढ़ाई का बहाना बनाकर वास्तविक उम्र में रिश्ते नहीं किए जाते जब लड़की के रिश्ते की उम्र होती है कि अभी पढ़ रही है और जब ज़रा बड़ी हो जाती हैं, पढ़ लिख जाती हैं और बड़ी उम्र में रिश्ते हो जाते हैं तो understanding का न होने का बहाना बनाकर रिश्तों में दूरियाँ पैदा होती हैं इसमें दरारें पैदा होती हैं।

फिर कुछ लड़कियों की ये भी बातें देखने में आई हैं कि सहेलियां और दोस्त ग़लत रूप में ऐसे विचार उनके मन में पैदा करते हैं कि इन देशों में तुम्हारे बड़े अधिकार हैं। अपने पतियों को यह बताओ कि मेरे अधिकार देना है और यह न दो तो मैं तुम्हें अपना पति नहीं मानती और पतियों की हर बात माननी भी नहीं चाहिए। फिर कई बार माता-पिता ख़ुद भी लड़कियों को ऐसी बातें सिखाते हैं जिससे लड़का लड़की या पति पत्नी का आपस का विश्वास खत्म हो जाता है या संदेह उभरने लगते हैं।

अफसोस इस बात का है कि पाकिस्तान से यहां रिश्ता करवा कर आई हुई लड़कियां भी जो पश्चिमी देशों में आती हैं वे भी यहाँ आज़ादी को देखकर इस रंग में रंग कर फिर ग़लत मांग शुरू कर देती हैं बल्कि कई बार बसने से पहले ही यहां पहुंच कर रिश्ते तोड़ देती हैं और यह स्थिति सिर्फ लड़कियों की नहीं है बल्कि लड़के भी यही कुछ कर रहे हैं बल्कि ऐसी हरकतों में वे शायद लड़कियों से कुछ ज्यादा ही है और इसकी वजह यह है कि अक्सर लड़के और लड़कियां भी क़ौल सदीद (सच्ची बात) से काम नहीं लेते। जिस बात का रिशते से विशेष संबंध है। क़ौल सदीद (सच्ची बात) के बारे में शादी पर जो आयतें पढ़ी जाती हैं उनमें क़ौल सदीद (सच्ची बात) के बारे में विशेष रूप से ज़ोर दिया है। पूरी स्थिति एक दूसरे को नहीं बताई जाती फिर माता-पिता कई बार लड़कियों पर ज़बरदस्ती करके ऐसे रिश्ते करवा देते हैं जो शैक्षिक अंतर और रहन-सहन के कारण मैच नहीं रख रहे होते कि बाद में ठीक हो जाएगा।

इसी तरह कुछ लड़के कहीं और रुचि रख रहे होते हैं लेकिन माँ बाप के सामने इन्कार नहीं करते और पाकिस्तान में शादी कर लेते हैं या उन्हें यहाँ अपने प्रियों में उनकी इच्छाओं के अनुसार शादी कर लेते हैं और फिर कुछ समय बाद उन बेचारी लड़कियों पर अत्याचार होना शुरू हो जाता है। पहले उसके पति द्वारा अत्याचार होता है फिर वही ससुराल या सास जो बड़ी चाहत से लेकर आती है उनके द्वारा अत्याचार होता है। फिर बाकी रिश्तेदारों द्वारा अत्याचार होता है। बहरहाल चाहे लड़के हैं या लड़कियां हैं। एक तरफ का ससुराल है या दूसरी ओर किसी पर भी इन सारी बातों का सौ प्रतिशत आरोप नहीं डाला जा सकता। कुछ स्थितियों में लड़के दोषी होते हैं कुछ स्थितियों में लड़कियां दोषी होती हैं।

फिर पारिवारिक समस्याएं जैसा कि मैंने कहा बच्चों पर भी प्रभावित होती हैं। जब कई बच्चे होने के बाद कुछ समय के बाद अच्छी भला जीवन बिताने के बाद एकदम पुरुष के दिमाग़ में कीड़ा कुलबलाता है और वह यह कहता है कि मेरा अपनी पत्नी के साथ गुज़ारा नहीं हो सकता। इसलिए मैं दूसरी शादी करने लगा हूँ या तुम्हें तलाक देने लगा हूँ या एक समय के बाद पत्नी कहती है कि मैंने अपना जीवन इस व्यक्ति के साथ बड़ी तकलीफों में बिताया है अब बर्दाश्त नहीं कर सकती इसलिए ख़ुलअ लेनी है। यहां यह भी बता दूं कि जमाअत में ख़ुलअ की जो तुलना है वह तलाक से अधिक है अर्थात ख़ुलअ के आवेदन क़ज़ा में अधिक आते हैं। बहरहाल ऐसी अवस्था में बच्चे प्रभावित होते हैं और यह तो जानकारी रखने वाले सांसारिक संस्थाओं के डेटा से भी सिद्ध है कि माता-पिता की जुदाई के बाद जिसके पास भी बचे रह रहे हैं वे मानसिक और नैतिक और दूसरी क्षमताओं के मामले में पीड़ित रहे हैं। बहरहाल इन दर्दनाक हालात का जिम्मेदार कोई भी हो। चाहे लड़के लड़कियों पर दोष देते हैं और यह कहकर देते हैं कि पश्चिमी वातावरण में लड़कियों को उनके कैरियर बनाने की वजह से परेशानी पैदा करती हैं और रिश्ते नहीं निभातीं

या शुरू में हम कुछ कारणों की वजह से माता पिता के साथ रहना चाहते हैं तो लड़कियां रहने नहीं देना चाहती या धर्म का उन्हें ज्ञान नहीं या लड़के से ग़लत उम्मीदें रखी जाती हैं जैसे तुरंत नया घर लो और ऐसा घर हो जो तुम्हारी सम्पत्ति भी हो।

फिर जीवन साथी के मामलों में लड़की के माता-पिता का दख़ल है।

फिर सही स्थिति न बताने की वजह से, एक दूसरे से क़ौल सदीद न करने की वजह से शिकवे पैदा होते हैं। जैसा कि मैंने पहले भी उल्लेख किया कि क़ौल सदीद (सच्ची बात) से काम नहीं लिया जाता जो कि अति आवश्यक है। इसी तरह लड़कियों के दिलों में कुछ बातें लड़के और उसके परिवार के लिए होती हैं। जैसे यह कि लड़की के माँ या रिश्तेदार जो हैं लड़की के सामने हर समय लड़के की सराहना करते रहे हैं कि हमारा लड़का ऐसा हमारा लड़का वैसा और लड़की को किसी न किसी बहाने कम कर के साबित करने की कोशिश की जाती है। जैसे छोटा कद है मोटी है रंग गोरा नहीं है आदि आदि। अगर लड़की किसी कारण से कोई नौकरी कर रही है तो फिर भी उसे ताने मिलते हैं। फिर लड़के और लड़की के संबंध हैं पत्नियों के संबंध हैं उनमें भी लड़के वालों का हस्तक्षेप होता है। लड़के लड़कियों की यह भी शिकायत है कि लड़के अपनी ज़िम्मेदारी शादी की पूरी नहीं करते। इन में जिम्मेदारी की भावना नहीं है और यहां के वातावरण के प्रभाव से लड़के आमतौर से यहाँ पच्चीस साल छब्बीस साल के लड़के भी कहो कि तुम बड़े हो गए हो तो कहेगा नहीं अभी तो मैं छोटा हूं शादी के लायक नहीं। यहां के वातावरण के प्रभाव हमारे अहमदी लड़कों और एशियन रीजन के लड़कों में भी यही बीमारी है कि वे कहते हैं कि अभी तो हम छोटे हैं और ज़िम्मेदारी नहीं निभा सकते। अगर छोटे हैं और जिम्मेदारी नहीं निभा सकते तो फिर शादी करने की क्या ज़रूरत है। बहरहाल शकों का यह सिलसिला चलता है और दोनों तरफ से चलता चला जाता है।

इसी तरह कई साल रहने के ज़िन्दगी गुज़ारने के बाद जैसा कि मैंने कहा बहुत समय हो जाता है, बच्चे बड़े होने शुरू हो जाते हैं तो शिकवे पैदा होते हैं और केवल बचगाना बातें होती हैं और बेसब्री और ग़लत दोस्ती ऐसी बातें पैदा करती है और अगर एक वाक्य में उनके विभिन्न पारिवारिक समस्याओं के कारण वर्णन किए जाऐं तो यह है कि धर्म से दूरी है। धार्मिक शिक्षाओं से अज्ञानता है और उदासीनता है और दुनियादारी और सांसारिक चीज़ों को लुभाना है। अत: अगर इन समस्याओं का समाधान खोजना है तो धार्मिक शिक्षा की रोशनी में करना होगा।

एक तरफ हम अपने आप को अहमदी कहते हैं इस बात का दावा करते हैं कि हम धर्म को दुनिया में प्राथमिकता कर रहे हैं तो फिर धार्मिक शिक्षाओं की रोशनी में इसका समाधान जो हमें कुरआन में, हदीसों में, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की शिक्षाओं में मिलता है। हमारे सौभाग्य है कि इस्लाम स्वीकार किया, हम मुसलमान हैं और इस युग में फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को स्वीकार किया जिन्होंने हमारे से प्रत्येक अवस्था में धर्म को दुनिया में प्राथमिकता करने के लिए वादा लिया है।(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 7 पृष्ठ 391) यह वादा हम विभिन्न अवसरों पर दोहराते हैं लेकिन जब इस पर अनुकरण का समय आए तो भूल जाते हैं। शादी ब्याह के मौके पर तो अच्छे भले ज़ाहिर धर्म की सेवा करने वाले यह भूल रहे हैं हालांकि शादी ब्याह और रिश्ते के लिए तो विशेष निर्देश भी हमें आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मिले हैं कि शादी ब्याह के मामले में धर्म को दुनिया में प्राथमिकता करनी है। धर्म को प्राथमिकता करके अगर दुनिया मिल जाए तो यह अल्लाह तआला की कृपा है और दुनिया वालों की ज़बान में हम अगर कहीं तो यह बोनस है लेकिन अगर केवल दुनिया को देखा जाए तो धर्म को प्राथमिकता देने का दावा हो तो फिर समस्याएं पैदा होती हैं क्योंकि सच्चाई नहीं है। अत: आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि रिश्ते की तलाश के समय प्राथमिकता के आधार पर अपने सामने रखने के लिए आप ने फ़रमाई जिस की रिवायत हज़रत अबु हुरैरा रज़ियल्लाहो अन्हो से मिलती है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि महिला से चार कारणों से शादी की जाती है। इस की संपत्ति की वजह से, इस की नस्ल और वंश के कारण, इस के परिवार की वजह से, उस की सुंदरता के कारण, और उसके धर्म के कारण। अत: तुम नेक महिला का चयन करो ख़ुदा तुम्हारा भला करे।(सहीह अल्बुख़ारी कितबुन्निकाह हदीस 5090) अगर इस बात को लड़के भी और लड़के के घर वाले भी सामने रखने लग जाएं तो लड़कियों और लड़की के घर वाले अपनी पसंद जो है वे धर्म को करेंगे और जब धर्म प्राथमिकता होगी तो कई शिकवे और आरक्षण जो लड़की और लड़का और घरवालों के बारे में, एक दूसरे के बारे में पैदा होते हैं वे बंद हो जाएंगे और जो लड़का धार्मिक लड़की की तलाश में होगा और धर्म को प्राथमिकता कर रहा होगा उसको अपना अनुकरण भी धार्मिक शिक्षा के अनुसार ढालना शुरू होगा। और जो धार्मिक शिक्षा का पालन कर रहा होगा उसके घर में बिना कारण छोटी छोटी बातों पर झगड़े और दंगे नहीं पैदा हो रहे होंगे और न ही लड़के के घर वाले लड़की के लिए मुश्किलें पैदा करने वाले होंगे।

फिर इस्लाम यह शिक्षा देता है कि धर्म देखना वास्तव में प्राथमिकता है परन्तु कई बार प्रत्येक जोड़ के लिए उपयुक्त नहीं है। इसलिए रिश्तों पहले इस्तिख़ारह: कर लिया करो।

(सहीह अल्बुख़ारी हदीस 6382)

अल्लाह तआला से रिश्ते के लिए भलाई चाहो। फिर यह कि यदि अल्लाह तआला के पास इस रिश्ते में ख़ैर नहीं है तो यह रोक पैदा कर दे। इस बारे में हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल ने एक मौके पर बड़े सुंदर ढंग से फरमाया कि "नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बड़ा ही फज़ल फरमाया है कि हम को ऐसी राह बताई है कि हम अगर इस पर अनुकरण करें तो इंशा अल्लाह शादी ज़रूर सुख का कारण होगा और जो उद्देश्य और लक्ष्य कुरआन में निकाह से बताया गया है वह संतोष और प्रेम का कारण हो वह पैदा होती है।"(शादी ब्याह इसलिए किया जाता है ताकि एक दूसरे के लिए संतोष हो और आपस में प्यार और मुहब्बत पैदा हो इसका कारण होता है।) फरमाया कि "पहला उपाय यह बताया कि विवाह के लिए धर्म उद्देश्य हो।" (पहले उल्लेख हो चुका है कि धर्म की तलाश करना है।) "हुस्न व तथा सुन्दरता पर फिदा होना या धन प्राप्त या केवल उच्च वंश इस की प्रेरणा देने वाले न हों। पहले नेक इरादे हो। फिर उसका इस के बाद दूसरा काम यह है कि शादी से पहले बहुत इस्तिख़ारह: करो।"

(ख़ुत्बाते नूर पृष्ठ 518-519 ख़ुत्बा 25 दिसम्बर 1911ई)

अत: रिश्ते से पहले जब बन्दा दुआ में अल्लाह तआला से संतोष और प्यार से जीवन बिताने की दुआ करे और यह दुआ करे कि अगर इसमें मेरे लिए संतोष है और अच्छाई है तो यह रिश्ता हो और शादी हो जाए तो शादीशुदा जीवन अल्लाह तआला की कृपा से बड़ी सफलता से गुज़रता है लेकिन यह भी याद रखें कि शादी के बाद भी शैतान विभिन्न माध्यम से हमले करता रहता है। इसलिए यह दुआ हमेशा करते रहना चाहिए कि शादी हमेशा शांति और मुहब्बत और स्नेह से गुज़रे।

फिर हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल ने एक अवसर पर इस्तिख़ारह: का महत्त्व बताया है। इस की नसीहत करते हुए आपने फरमाया कि

"बड़े बड़े कामों में से निकाह भी एक काम है।"(एक छोटा काम नहीं है बड़े बड़े कामों में से एक काम है।) "अक्सर लोगों का यही मानना है कि बड़ी क़ौम का आदमी हो नस्ल और वंश में उच्च हो माल उसके पास हो हुकूमत और महिमा हो। सुंदर और जवान हो मगर हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फरमाते हैं कि कोशिश करो कि नेक इंसान मिल जाए चाहे" (चाहे वह लड़की है या लड़का है) "और चूंकि वास्तविक ज्ञान, चरित्र आदतों और ईमानदारी के बारे में पता होना मुश्किल काम है जल्दी से पता नहीं लग सकता।" (कुछ रिश्ते टूटते हैं तो वे यही कहते हैं कि हम ने ज़ाहिर में यह देखकर रिश्ता कर लिया है कि धार्मिक है अच्छे आचरण हैं सब कुछ है लेकिन बाद में पता लगा सब कुछ ग़लत था। क्योंकि यह पता नहीं लग सकता) "इसलिए यह फरमाया है कि इस्तिख़ारह: अवश्य कर लिया करो।"

(ख़ुत्बाते नूर पृष्ठ 254 ख़ुत्बा 13 सितम्बर 1910ई)

आपने फरमाया कि हम अंजाम से अनजान होते हैं मगर अल्लाह तआला तो भविष्य का जानने वाला है इसलिए पहले ख़ूब इस्तिख़ारह: करो और अल्लाह तआला से मदद चाहो।"

(ख़ुत्बाते नूर पृष्ठ 478 ख़ुत्बा 26 अगस्त 1910ई)

आप ख़ुत्बा निकाह में पढ़ी जाने वाली आयतों के संबंध में फरमाते हैं कि इन में यह उपदेश है कि तक्वा को सामने रखते हुए रहमी रिश्तों का ख्याल रखो। क़ौल सदीद (सच्ची बात) से काम लो। यह समीक्षा करो कि तुम अपने कल के लिए क्या आगे भेज रहे हो। अगर तुम ने जीवन की उपलब्धियां देखनी हैं तक्वा बहुत ज़रूरी है। इस बारे में इस्तिख़ारह: के बाद जब शादी का अवसर आता है तो आप फरमाते हैं कि "इस ख़ुत्बा में भी (अर्थात निकाह पर जो आयत तिलावत की जाती है) इस बात की ओर आकर्षित किया कि उन दुआओं से काम ले और अपने कार्यों के परिणाम को सोचे और विचार करे। फिर शादी

की बधाई के अवसर पर भी नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दुआ सिखाई कि बराकल्लाहो लक व बारको अलैक व जमअ बैनकुमा फिल ख़ैर।(जामिअ तिरमज़ी) अर्थात अल्लाह तआला तुम्हें बरकत दे और तुम दोनों पर बरकत नाज़िल करे और तुम दोनों को नेकी पर जमा करे।(ख़ुत्बाते नूर पृष्ठ 519-520 ख़ुत्बा जुम्अ 25 दिसम्बर 1911ई) इसलिए हर अवसर पर ख़ैर और बरकत की दुआ की जाती है तो फिर रिश्ते मुबारक भी होते हैं।

कुछ लोग पाकिस्तानी और भारतीय माहौल के प्रभाव में अब तक ख़ानदान वाले बिरादरी के मुद्दे में उलझे हुए हैं जबकि अल्लाह तआला तो यह कहता है कि जब रिश्ते आएं तो दुआ करो। दुआ करो और इस्तिख़ारह: करो। धर्म को प्राथमिकता दो। तो बजाय इस के कि दुआ करें, धर्म को प्राथमिकता दे, ये बातें उनके समक्ष नहीं होतीं बल्कि बिरादरी और क़ौम ध्यान में होती है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि "रिश्ता नाता मैं सिर्फ यह देखना चाहिए कि जिस से निकाह किया जाता है वह नेक किस्मत और नेक स्वरूप आदमी है और एक ऐसी आपदा में पीड़ित नहीं जो फित्ना का कारण हो और याद रखना चाहिए कि धर्म में कौमों का कुछ लिहाज़ नहीं। केवल तक्वा और नेकी का लिहाज़ है।

(मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 46 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

अत: यह बुनियादी सिद्धांत है कि तक्वा देखो। बाकी सब बातें बिदअते हैं। हां कफु (समानता) देखने का इरशाद है इसलिए कफू (बराबरी) देखना चाहिए लेकिन उसमें भी सख्ती नहीं होनी चाहिए।

कफू को किस हद तक देखना चाहिए इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से किसी के सवाल और आप के जवाब का उल्लेख मिलता है। "एक दोस्त का सवाल पेश हुआ कि एक अहमदी अपनी एक लड़की बिना कफू एक अहमदी के यहाँ देना चाहता है हालांकि अपने कफू में रिश्ता मौजूद है। इस बारे में आपका क्या आदेश है? हज़रत अक़्दस अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि अगर कफू के अनुसार रिश्ता मिले तो अपने कफू में करना दूसरे कफू में करने से बेहतर है। लेकिन यह बात फर्ज़ के तौर पर हो।"(फर्ज़ नहीं है हां बेहतर है।) फरमाया कि "प्रत्येक व्यक्ति अपने ऐसे मामलों में अपनी युक्ति और अपनी औलाद की बेहतरी को ख़ूब समझ सकता है। अगर कफू में किसी और को इस योग्य नहीं देखता तो दूसरी जगह देने में हर्ज नहीं और ऐसे व्यक्ति को मजबूर करना कि वे बहरहाल अपने कफू में अपनी लड़की दे जायज़ नहीं।"

(अल्वदर दिनांक 11 अप्रैल 1907 ई पृष्ठ 7 जिल्द 6 नम्बर11)

कुछ लोगों को अपने परिवारों पर बड़ा भरोसा होता है ऐसे ही एक व्यक्ति को हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल ने एक बार खूब पकड़ा। एक ओर विचार होता है और एक तरफ अपनी अवस्था क्या है? हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी फरमाते हैं कि "हज़रत ख़लीफतुल मसीह अव्वल के पास एक बार एक व्यक्ति आया और कहने लगा कि "मैं सय्यद हूँ मेरी बेटी की शादी है। आप इस अवसर पर मेरी कुछ मदद करें।.... आपने फरमाया "मैं तुम्हारी बेटी की शादी के लिए वह सारा सामान तुम्हें देने के लिए तैयार हूँ जो कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी बेटी फातिमा को दिया था। यह सुनते ही अपने आप कहने लगा आप मेरी नाक काटना चाहते हैं।" (दहेजों का इतना रिवाज है और इसलिए कुछ समस्याएं भी पैदा होती हैं।) हज़रत ख़लीफा अव्वल ने फरमाया कि "तुम्हारी नाक मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नाक से भी बड़ी है। तुम्हारी इज्ज़त तो सय्यद होने में है फिर अगर इतना दहेज देने से नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उपेक्षा नहीं हुई तो तुम्हारी कैसे हो सकती है?"(तफसीर कबीर आयत सीरत अश्शुअरा जिल्द 7 पृष्ठ 20) एक तरफ तुम कहते हो मैं सय्यद हूँ फिर अपमान किस बात का।

अत: कई बार लड़कियों को यह ताने भी मिलते हैं कि दहेज थोड़ा है उन लोगों के लिए भी शिक्षा है जो लड़कियों को भावनात्मक कष्ट देते हैं और इसी तरह लड़की वालों के लिए भी कि दहेज ताकत के अनुसार दें। जितनी ताकत है ज़रूर देना चाहिए लेकिन बेवजह अपने पर बोझ नहीं डालना चाहिए।

इस्तिख़ारों से पहले जहां रिश्ते की इच्छा हो उस लड़की को भी देखना चाहिए इस बारे में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरशाद है जो "हज़रत अबु हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास था। आपके पास एक व्यक्ति आया उसने बताया कि उसने अंसार की एक महिला को शादी का संदेश भिजवाया है रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे फरमाया कि तुम ने उस औरत को देख लिया है? उसने कहा। नहीं। आपने फ़रमाया पहले उसे देख लो क्योंकि अंसार के आंखों में कुछ चीज़ होती है।(सहीह मुस्लिम)

